उप राष्ट्रपति धनखड़ ने डिंडोरी में राज्य स्तरीय विश्व सिकल सेल दिवस-2024 कार्यक्रम में कहा

सिकल सेल एनीमिया बीमारी से बचाव के लिए जनजातीय समुदाय को 'जागरूक' करना जरूरी

सीएम यादव की तारीफ की

धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा।

सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन का यज्ञ शुरू हो चुका है, अब हम सभी को योगदान देना है। इसके उपचार पर रिसर्च को बढ़ाया जाए।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए प्रदेश में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि जनजातीय अंचलों में सिकल सेल एनीमिया भयावह रूप में सामने है, किंतु इसके उन्मूलन का यज्ञ शुरू हो चुका है। हम सभी को योगदान देना है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया से बचाव के उपायों के बारे में जनजातीय समुदाय को जागरूक करना जरूरी है।

इस जैसी अनुवांशिक बीमारी के ▶▶ शेष पेज 4 पर

- उप राष्ट्रपति भवन में डिंडोरी की औषधीय वनस्पतियों का हर्बल पार्क स्थापित होगा
- कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत मप्र सरकार के कई मंत्री व बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल हुए

उप राष्ट्रपति धनखड़ और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाया और थिरकते नजर आए

उप राष्ट्रपति ने डॉ. यादव को लेकर कहा

आपने मुख्यमंत्री का दम दुनिया को दिखा दिया

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मुझे बड़ी खुशी और प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री जी ने पहली मुलाकात में ही दो-तीन बातों की ओर ध्यान दिया। एक बात सिकल सेल उन्मूलन की थी और दूसरी बात ट्राइबल के विकास की थी। पहली कैबिनेट मीटिंग में जो मुख्यमंत्री जबलपुर स्थान चुनता है और निर्णय लेता है कि लाउड स्पीकर कहां बजेगा और कहां नहीं बजेगा, उस मुख्यमंत्री के बारे में क्या कहना है। उनका निर्णय अत्यंत प्रभावी है। लोग कहते है -हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े लिखे को फारसी क्या। उन्होंने कहा कि आपने मुख्यमंत्री का दम दुनिया को दिखा दिया। देश का एक मात्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

इस बीमारी के मरीजों की संख्या 18 हजार से अधिक

राज्यपाल पटेल ने कहा कि मप्र में जनजातियों की जनसंख्या एक करोड़ 90 लाख है। अब तक लगभग 55 लाख से अधिक व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है, इनमें से एक लाख 20 हजार 935 व्यक्ति बीमारी के वाहक हैं अर्थात इनमें सिकल सेल एनीमिया शुरूआती स्थिति में है। जबकि इस बीमारी के मरीजों की संख्या 18 हजार से अधिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिबद्ध

यादव ने कहा कि राज्य सरकार सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता के साथ-साथ स्क्रीनिंग, उपचार और दवा वितरण आदि की व्यापक व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार की ओर से जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। कैबिनेट की पहली बैठक जबलपुर में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास और जनकल्याण की अनेक गतिविधियां संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने उप ▶▶ शेष पेज 4 पर